


शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार
सोमवार, 05 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~X~~ ● वर्ष : 1, अंक : 288
आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**रांची।** झारखंड राजभवन उद्यान 6 फरवरी से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है. उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला रहेगा. इसके बाद 1 बजे तक कोई भी व्यक्ति राजभवन में प्रवेश कर सकेगा. सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर 2 से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच करवाएंगे. प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा. लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए राजभवन ने आगंतुकों को अधिकतम 30 मिनट के लिए ही अंदर जाने की इजाजत दी है. प्रवेश के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने साथ एक पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा. इस गार्डन में 400 किस्मों के 17 हजार से ज्यादा गुलाब हैं. भारत-पाकिस्तान युद्ध में इस्तेमाल किए गए टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि के साथ ही विदेश से लाए गए फूल आकर्षण का केंद्र हैं.

**12 फरवरी तक हर रोज सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला रहेगा उद्यान**

# झारखंड विस का विशेष सत्र आज से, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- डीसी और एसएसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश, दिए कई निर्देश
- विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती

**संवाददाता। रांची**

5 एवं 6 फरवरी को चंपई सोरेन द्वारा विश्वासमत हासिल करने के लिए बुलाये गये विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएंगे. विशेष सत्र के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्तादेश जारी किया है. सत्र के दौरान इस क्षेत्र में विभिन्न राजनैतिक दलों, श्रम/सेवा/विभिन्न संगठनों द्वारा घेराव/धरना प्रदर्शन, छात्र संगठन द्वारा अन्य मुद्दों को लेकर जुलूस निकालने तथा प्रदर्शन करने एवं विधान सभा का घेराव आदि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है, उक्त परिप्रेक्ष्य में लोक परिशांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए उन्हें कई निर्देश दिये गये हैं.

### दिये गये निर्देश

- विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में 5 से 6 फरवरी तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी. उक्त क्षेत्र में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रर्दशन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेगें. अनुमंडल दंडाधिकारी सदर, इससे संबंधित निरोधात्मक आदेश निर्गत करेंगे तथा इसका व्यापक प्रचार कराएंगे.
- **संबंधित थाना प्रभारी इसके उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करेंगे. मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाती है जो सत्रावधि समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी. सभी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर 5 फरवरी को सुबह 8 बजे पहुंचेंगे.**
- क्षेत्र में कोई प्रदर्शन, नहीं हो. एसपी ग्रामीण यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रतिनियुक्ति स्थल / बेरिकेडिंग अथवा अन्य किसी स्थान से प्रदर्शनकारी विस क्षेत्र में न पहुंचे. परिसर में राज्यपाल, सीएम, विस अध्यक्ष, नेता, प्रतिपक्ष तथा संसदीय कार्य मंत्री के वाहन, निर्दिष्ट स्थल पर लाए जाएंगे. परिसर में जाने वाले गेट पर तैनात अफसर एवं बल तैनात रहेंगे. यह आदेश सोमवार को सुबह 8 बजे से 6 फरवरी या सत्रावसान तक तय अवधि से बढ़ा दी जाती है, तो सभी तैनात लोगों की ड्यूटी स्वतः बढ़ जाएगी एवं सत्र समाप्ति तक प्रभावी रहेगा.

## हैदराबाद से वापस लौटे सत्ता पक्ष के विधायक


बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हैदराबाद से लौटे सत्तारूढ़ दल के विधायकों को रिसीव कर साथ ले जाते कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम.

## गठबंधन सरकार में शामिल दलों ने विधायकों के लिए जारी किया ह्विप

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

सीएम चंपई सोरेन को सोमवार को विश्वास मत हासिल करना है. इसके लिए गठबंधन में शामिल सभी दलों ने अपने -अपने विधायकों के लिए ह्विप जारी किया है. फिलहाल जो तस्वीर दिख रही है, उसमें सरकार को कोई खतरा नजर नहीं आता. कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत दे दी है. ऐसे में फ्लोर टेस्ट के लिए पूर्वाह्न 11 बजे हेमंत को कस्टडी में विधानसभा लाया जाएगा. फ्लोर टेस्ट की समाप्त होते ही उन्हें पुनः पुलिस कस्टडी में लिया जाएगा. कोर्ट ने पुलिस कस्टडी में रहते हुए हेमंत सोरेन को मीडिया से दूरी बनाए रखने को कहा है. पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक हेमंत सोरेन विश्वास मत के दौरान वोटिंग करने के लिए विधानसभा में सत्ता पक्ष की ओर से पहली पंक्ति में ही बैठे दिखेंगे. उनका स्थान विधानसभा सचिवालय ने निर्धारित कर दिया है.

### ऐसे शुरू होगी सदन

- विशेष सत्र के दौरान पहला सत्र राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से शुरू होगा
- **राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधायी कार्य आरंभ हो जाएंगे**
- स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विश्वास मत हासिल करने से संबंधित प्रस्ताव देंगे
- **स्पीकर फ्लोर टेस्ट के मद्देनजर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को आमंत्रित करेंगे**
- इसके बाद विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कर वोटिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी
- **सारी प्रक्रिया में देखनेवाली बात यह होगी कि राज्यपाल का अभिभाषण पहले होता है या विश्वास प्रस्ताव के बाद. वैसे यह सदन कार्यवाही के दौरान ही पता चल पाएगा.**



## विश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेंगे दोनों निर्दलीय विधायक

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को विधानसभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे. एक ओर विधायकों को अपने पाले में करने को लेकर जोड़-तोड़ की जा रही है, तो उधर जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने घोषणा कर डाली है कि वे चंपई सरकार को समर्थन नहीं करेंगे. वे विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान तटस्थ रहेंगे. उधर, बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि उनका वोट राज्य हित में होगा. सरकार के विपक्ष में वोट करेंगे. अपने साथी विधायकों से भी इस संबंध में विमर्श करेंगे.

विधायक सरयू राय ने यह भी कहा कि सत्तापक्ष अथवा विपक्ष किसी ने उनसे अपने पक्ष में मतदान के लिए संपर्क भी नहीं किया है. ऐसी स्थिति में गुण-दोष के आधार पर आगे वे सरकार के बारे में राय बनाएंगे. अभी चंपई सोरेन नए सीएम बने हैं. उनके कामकाज को देखना होगा. उनकी रचनात्मक भूमिका सदन में होगी. उन्होंने आशा जताई कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पुरानी राह को बदलेंगे. बड़ी और समानांतर लकीर खीचेंगे.



- **बोले सरयू राय- वोटिंग के दौरान मौजूद रहेंगे, लेकिन तटस्थ रहेंगे**
- बोले अमित कुमार यादव- राज्य हित में सरकार के विपक्ष में वोट करेंगे

### चंपई सोरेन अपनी अलग लकीर खींचे

यह पूछे जाने पर कि चंपई सोरेन का कहना है कि हेमंत सोरेन ने विकास की लंबी लकीर खींची है, सरयू राय ने कहा कि वे अपनी अलग लकीर खींचें. वे सरकार के पक्ष में वोट नहीं करेंगे. उनकी किसी को जरूरत भी नहीं है. हेमंत सोरेन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उन्होंने जान-बूझ कर मक्खी निगली. वैसे लोगों को आपने आसपास बनाए रखा, जो हानिकारिक साबित हुए. ऐसा भी नहीं है कि उन्हें सचेत नहीं किया गया. उनका कृत्य पांव पर कुल्हाड़ी नहीं, कुल्हाड़ी पर पांव मारना सीखा है.

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

## रांची में राहुल की आमसभा आज

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में सोमवार को राहुल गांधी की आमसभा होगी. इसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे. वे चार्टर्ड प्लेन से सोमवार की सुबह रांची पहुंचेंगे. बूटी मोड़ से वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे और राहुल गांधी के काफिले के साथ ही चलेंगे. एचईसी आवासीय परिसर के शहीद मैदान में होनेवाली आमसभा में भी शामिल होंगे. प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि धुर्वा के शहीद मैदान में दोपहर दो बजे से आमसभा होगी. सिन्हा ने कहा कि तीन दिनों से झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिन-जिन इलाकों से गुजर रही है, जनसैलाब उमड़ रहा है. पाकुड़ से शुरू हुई न्याय यात्रा गोड्डा, धनबाद सहित कई जिलों से गुजरती हुई सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में प्रवेश करेगी.

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा बूटी मोड़ से बरियातू, हरमू, अरगोड़ा, डिबडीह होती एचईसी आवासीय परिसर के सेक्टर थ्री स्थित शहीद मैदान पहुंचेगी, जहां जनसभा होगी. जनसभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ ही साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर संबोधित करेंगे. मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, राज्य के सभी जिलों को कांग्रेस अध्यक्ष सहित विभिन्न मंच-मोरचा व प्रकोष्ट के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे.

### तेलंगाना के सीएम भी होंगे शामिल

बूटी मोड़, बरियातू, हरमू, अपगोड़ा चौक, डिबडीह, बिरसा चौक होती हुई यात्रा शहीद मैदान पहुंचेगी


भारत जोड़ो न्याय यात्रा : रोड शो के दौरान धनबाद में लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी.

**फ्लोर टेस्ट को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक, बनी रणनीति**

## चंपई सरकार बनेगी हेमंत पार्ट-2, तो हम करते रहेंगे विरोध : भानु प्रताप शाही

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार की शाम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई. बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सीपी सिंह, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, केदार हाजरा, अनंत ओझा, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास, केदार हाजरा, समरी लाल, कोचे मुंडा,भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नारायण दास उपस्थित थे.

बाद में मीडिया ब्रीफिंग करते हुए विधायक भानु शाही ने कहा कि चंपई सरकार सोमवार को विस में विश्वास प्रस्ताव लाएगी लेकिन सीए के बयान से नहीं लगता कि यह सरकार जनहित के लिए बनी है. सीएम ने अपने शपथ के बाद स्वयं कहा कि वे हेमंत सरकार के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. इसलिए स्पष्ट है कि चंपई सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 है. उन्होंने कहा, हेमंत सरकार ने जैसे भ्रष्टाचार, खान-खनिज की लूट, युवाओं-बेरोजगारों, किसानों को धोखा दिया यह सरकार उसी को आगे बढ़ाएगी. ऐसे हालात में भाजपा फिर इस सरकार के कारनामों का प्रबल विरोध करेगी. सदन में पार्टी विश्वास प्रस्ताव के विरोध में रहेगी. उन्होंने कहा कि हेमंत आदिवासी होने का रोना रोते हैं. उन्हे याद करना चाहिए कि कांग्रेस के दुत्कार के बाद भाजपा ने ही उन्हें डिप्टी सीएम बनाया था. राज्य गठन से लेकर भाजपा ने बार बार आदिवासी समाज के कल्याण में अनेक निर्णय लिए हैं. राज्य का प्रथम सीएम वाजपेई ने आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को बनाया. केंद्र में आदिवासी मंत्रालय बनाए. आज देश की सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति आदिवासी समाज से आने वाली महिला हैं. हेमंत सोरेन जब भ्रष्टाचार में पकड़े गए, तो आदिवासी का रोना रोने लगते हैं. लेकिन अब रोना धोना नही चलने वाला. राज्य की जनता इनके कारनामों को जान चुकी है.



### हेमंत ने खुद पैदा किया संकट

हेमंत सोरेन ने स्वयं अपने से संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश की. फरार होकर रांची में प्रकट होते ही 400 से अधिक ट्रांसफर किए. गिरफ्तारी की सूचना दिए जाने के बाद ईडी को बिना बताए राजभवन चले गए. भानु ने कहा कि भाजपा ने कभी भी राज्य में अस्थिरता की बात नहीं की. सिर्फ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया और करते रहेंगे. सत्ताधारी ठगबंधन अंतर कलह से घिरा है. विधायकों को करोड़ों रुपए देकर हैदरबाद ले जाया गया. इसलिए 10 महीने के बचे कार्यकाल को यह सरकार कितना पूरा करेगी यह भविष्य बताएगा.

## कैंसर मरीजों को मिल रहा बेहतर इलाज

**सदर अस्पताल**

**तरुण कुमार चौबे। रांची**

सदर अस्पताल में बीते 1 नवंबर को कीमोथेरेपी सेवा की शुरुआत हुई थी. तीन महीने ही हुए और 250 से अधिक मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत इसका लाभ भी मिल गया. अभी सदर अस्पताल के 350 कैंसर मरीजों का इलाज चल रहा है.

ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गुंजेश ने बताया कि कैंसर कई प्रकार के होते हैं. यहां आने वाले मरीजों में रक्त और स्तन कैंसर से जूझ रहे लोगों की संख्या सबसे अधिक है. अस्पताल वित्तीय बाधाओं के बिना विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज करने के लिए प्रतिबद्ध है. जो लोग आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, उनके लिए उपचार सरकारी दरों या न्यूनतम शुल्क पर किया जाता है. इसके साथ कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए विशेष ओपीडी सुविधाएं शुरू की गई है. जहां मरीज हर बुधवार और शुक्रवार को डॉक्टरों के साथ मिलकर फ्री परामर्श ले सकते हैं. फिलहाल अस्पताल में करीब 8 मरीज भर्ती हैं.

### कैंसर देखभाल की पहुंच बढ़ाना है : सिविल सर्जन


सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा कैंसर के मरीजों को सही उपचार मिले, इसके लिए हमेशा प्रयास कर रहा हूं. इसके साथ ही सदर अस्पताल रिम्स से भार को कम करने में अहम भूमिका निभाता है. हमार लक्ष्य है कि चिकित्सा विज्ञान (आरआईएमएस) और उपचार प्रक्रिया में तेजी लाना. यह प्रगति क्षेत्र में कैंसर की चुनौतियों का सामना करने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी. आयुष्मान भारत के तहत पात्र रोगियों को सर्जरी, कीमोथेरेपी और उपचार में सहायता मिल रही है. आयुष्मान भारत योजना के तहत कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी और विभिन्न कैंसर के लिए लक्षित थेरेपी को कवर किया गया है. सिविल सर्जन ने आगे कहा कि जागरूकता बढ़ाने को लेकर सदर अस्पताल में नियमित कैंसर स्क्रीनिंग शिविर और शैक्षिक कार्यक्रमों की योजना बनाई जाती है.

**सफलता** — भूसा लदे ट्रक में छिपा कर ले जा रहे थे 90 बोरा डोडा

## पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डोडा (अफीम) की एक बड़ी खेप बरामद की है. अफीम तस्कर ट्रक में जानवरों के चारे के बीच डोडा के बोरे को छिपा कर यूपी ले जा रहे थे, लेकिन उससे पहले ही पूरी खेप पुलिस ने पकड़ ली. ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि सूचना मिली कि डोडा की बड़ी खेप खूंटी से निकली है. जानकारी मिलने पर खूंटी से रांची आने वाले मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान शक के आधार पर खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग



रोड के पास एक ट्रक को तलाशी के लिए रोका गया. ट्रक में पशु चारा (भूसा) भरा हुआ था. पुलिस के पूछने पर ट्रक के ड्राइवर ने बताया कि वे लोग पशु चारा लेकर कानपुर जा रहे हैं, लेकिन पुलिस को उनकी बातों पर यकीन नहीं हुआ. जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसवालों ने ट्रक की तलाशी लेनी शुरू की. तलाशी के दौरान ट्रक में रखे पशु चारा के अंदर प्लास्टिक के 90 बोरे निकले, सभी बोरों में डोडा भरा हुआ था. डोडा का कुल वजन 1800 किलोग्राम पाया गया. डोडा बरामद होने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस की टीम ने ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया.दोनों तस्कर कुरियर ब्वॉय के रूप में काम किया करते थे. गिरफ्तार तस्कर राम गोपाल और सुरेंद्र राजस्थान के बीकानेर जिले के रहने वाले हैं. पुलिस की पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया है कि वह डोडे की खेप को खूंटी से लेकर कानपुर जाने वाले थे, हालांकि किनके द्वारा उन्हें डोडा उत्तर प्रदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी, यह वे नहीं बता पाए.

- **18 क्विंटल डोडा के साथ बाप-बेटे गिरफ्तार**
- **भूसा में छुपाकर ले जा रहे थे उत्तर प्रदेश**






## आदिवासी एकता महारैली के जरिए बंधु ने दिखायी ताकत, अरसे बाद एक मंच पर दिखे सरना-ईसाई नेता व सामाजिक कार्यकर्ता

# गरजे वक्ता, भाजपा-आरएसएस को दी चेतावनी




**विशेष संवाददाता।रांची**

जनजाति सुरक्षा मंच के जवाब के तौर पर आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया. रैली घोषणा के दिन से ही यह विवादों में रही. इसे ईसाई आदिवासियों की रैली करार दिया गया, मगर दक्षिणी छोटानागपुर के बड़े आदिवासी नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने एक अरसे बाद पुनः अपनी ताकत दिखायी और अपना लोहा मनवाया. महारैली में न केवल भीड़ उमड़ी, बल्कि उन्होंने सरना और ईसाई नेता, सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाने का काम किया. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को अपनी ताकत दिखाते हुए अप्रत्यक्ष तौर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर खुद को प्रोजेक्ट करने का काम किया. इस महारैली में भाजपा-आरएसएस पर जमकर प्रहार किया गया. संबोधन में वक्ता जमकर गरजे और भाजपा-आरएसएस को चेतावनी दे डाली कि झारखंड में ईसाई और सरना आदिवासी की एका को तोड़ा नहीं जा सकता है. बल्कि तोड़ने वालो को भी तोड-फोड़ कर दिया जाएगा.



## झारखंड में नहीं तोड़ी जा सकती ईसाई-सरना आदिवासियों की एकता



### भाजपा-आरएसएस देश को तोड़ना चाहती है : बलमुचू

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि हम जहां देश को जोड़ना चाहते, जबकि भाजपा-आरएसएस देश को तोड़ना. धर्म और जाति के नाम पर ये लोग देश को बांट देना चाहते हैं. झारखंड के राज्यपाल ने केंद्र के इशारे पर 48 घंटे तक राज्य को संवैधानिक संकट में डाले रखा. दांव करने के बाद भी सरकार बनाने या किसी को राज्य का जिम्मा नहीं दिया.

### भाजपा के खिलाफ 24 में उलगुलान छेड़ दें : गीताश्री

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि भाजपा-आरएसएस के खिलाफ अब झारखंड में उलगुलान छेड़ना होगा. 2024 का चुनाव हम आदिवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रश्न है. यह एक मौका है हमारे पास. अपनी एकता का परिचय देते हुए चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ कर दें. चाहे कोई भी कुछ कर ले हमारी एकता को कोई तोड़ नहीं सकता है.

### अगले सौ दिन आदिवासियों के लिए महत्वपूर्ण : दयामनी

सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि हमारे पास आने वाले 100 दिन काफी महत्वपूर्ण हैं. लोकसभा चुनाव होने हैं. इस चुनाव में ही हमें एकजुट होकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देना होगा. नहीं तो फिर आदिवासियों को लुटने से कोई नहीं बचा सकता है. 14 में 14 और 81 में 81 सीट पर महागठबंधन को जीत दिलाकर हमारे आदिवासी सीएम को तोहफा देने का काम करें.

### हेमंत को फंसाया गया है इसका जवाब देना है : रमा

कांग्रेस नेत्री रमा खलखो ने कहा कि एक साजिश के तहत हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री को फंसा दिया गया. 2924 में इसका जवाब हम सभी को मिलकर देना है. आज भाजपा धर्म और जाति के नाम पर देश को बांटने में लगी है. इसका मुकाबला मिलजुलकर ही कर सकते हैं. कोई आदिवासियों को बांट नहीं सकता है.

### राष्ट्रपति से जमीन लूट नीति पर करा रहे हस्ताक्षर : वासवी

सामाजिक कार्यकर्ता वाससी किड़ो ने कहा कि भले ही कांग्रेस ने आदिवासी को राष्ट्रपति नहीं बनाया,मगर भाजपा एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर उससे आदिवासी विरोधी नीति, जमीन लूट की नीति पर हस्ताक्षर करवा रही है. यह बात राष्ट्रपति को समझनी होगी. हम आदिवासी बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू के वंशज हैं, संघर्ष से कभी भी पीछे नहीं हटेंगे.

### हमें तोड़कर जल, जंगल और जमीन लूटना चाहते हैं : डुंगडुंग

सामाजिक कार्यकर्ता ग्लेडसन डुंगडुंग ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग हमें तोड़कर जल, जंगल और जमीन को लूटना और इससे जुड़ी नीतियां बनाना चाहते हैं. देश के12 करोड़ से अधिक आदिवासी न टूटेंगे और फूटेंगे. कोई चाहे कुछ भी कर ले. जो हमें तोड़ने की कोशिश करेगा, उसे ही तोड़ देंगे. हर खनिज संपदा पर सबसे पहला हक आदिवासियों का है.

### हमें तोड़ने का हो रहा है प्रयास : प्रभाकर तिर्की

झारखंड आंदोलकारी प्रभाकर तिर्की ने कहा कि आज आदिवासी को इसलिए तोड़ने का प्रयास हो रहा है, क्योंकि हमारे लोग संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को समझ नहीं पाए हैं. संविधान को पढ़ें और उसे समझें तभी ऐसी शक्तियों से आप मुकाबला कर सकते हैं. आदिवासी एकता रैली के बाद झारखंडी एकता महारैली का आयोजन किया जाएगा.

### 24 में भाजपा को खदेड़कर बदला लें : अजय तिर्की

केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि अगर आप खुद को और आदिवासियत को बचाना चाहते हैं तो भाजपा को रोकना होगा. एक आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश करके जेल भेज दिया. अगर नहीं जगे तो आने वाले दिनों में एक-एक चीज,जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा सभी लूट लेंगे. इसलिए 2024 में इन्हें खदेड़ने का काम करें.

### आदिवासी सीएम को षडयंत्र कर जेल भेजा : शिवा कच्छप

आदिवासी सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आज हम यहां क्यों आए. यह समझने की जरूरत है. आज आदिवासी खतरे में हैं. हर ओर से हमपर हमले हो रहे हैं. एक आदिवासी सीएम को षड्यंत्र करके जेल भेज दिया गया. सरना धर्म कोड तो दिया नहीं, अब हमें धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं. इसलिए आदिवासी सजग रहें, एकजुट रहें.

### महारैली को इन्होंने भी किया संबोधित

महारैली को पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बुलमुचू, आजसू के संस्थापक और आदिवासी कांग्रेस नेता प्रभाकर तिर्की, पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की, सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला, ग्लैडस डुंगडुंग, वासवी, पीसी मुर्मू, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, आदिवासी सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, कांग्रेस नेत्री रमा खलखो, आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप, क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, जगदीह लोहरा, रैली के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा, बेलस तिर्की समेत कई ने संबोधित किया. रैली में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के संदेश को रतन तिर्की ने पढ़ कर सुनाया.

## आदिवासी को भटकाने वाली रैली : फूलचंद तिर्की

**रांची ।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने आदिवासी एकता रैली को राजनीति से प्रेरित बताया हुए कहा है कि यह रैली आदिवासियों को भटकानेवाली है. इस रैलीके बहाने एसटी के सूची से बाहर होने के डर से सरना ईसाई भाई भाई की रैली निकाली गयी है. यह रैली कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने की लड़ाई को भटकाने वाला भी बताया. आदिवासी समाज रूढ़िवादी परंपरा, संस्कृति को मानता है, उन्हें बरगला कर कभी हिंदू तो कभी ईसाई रैलियों में ले जाया जाता है. जब ईसाई आदिवासी के पास संकट आता है तो सरना ईसाई भाई-भाई नजर आने लगता है. वे सरना धर्म को तुच्छ बताते हैं और ईसाई के रूप में धर्मांतरण करते हैं.

**राजनीतिक फायदे के लिए सरना समाज को बेचा :** ईसाई मिशनरी आदिवासी एकता महारैली में आदिवासी समाज की परंपरा एवं संस्कृति का मखौल उड़ाया गया. धार्मिक आस्था से जुड़े सरना झंडा को भी नहीं छोड़ा गया. सरना आदिवासी राजनीतिक लोगों के हत्थे चढ़ गये और सरना समाज को बेच दिया.

### रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिनः | डॉ विद्यापति |
| सर्जरीः | डॉ शीतल मलुआ |
| कार्डियोलॉजीः | डॉ प्रकाश कुमार |
| ऑर्थोपेडिकः | डॉ विनय प्रभात |
| न्यूरोसर्जरीः | डॉ सीबी सहाय |
| टीबी एवं चेस्टः | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| ऑब्स गायनीः | डॉ एसबी सिंह |
| सीटीवीएसः | डॉ अंशुल कुमार |
| न्यूरोलीजीः | डॉ सुरेंद्र कुमार |
| ईएनटीः | डॉ आरके चौधरी |
| सायकेट्रीः | डॉ अजय बाखला |
| प्लास्टिक सर्जरीः | डॉ विक्रांत रंजन |
| पीएमआरः | डॉ अमित चैतंय |
| रेडिशन ऑन्कोलॉजीः | डॉ अनूप |
| सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः | डॉ अजीत कुमार कुशवाहा |
| यूरोलॉजीः | डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह |

### शहर में आज

1. राहुल गांधी की न्याय यात्रा दोपहर 12 बजे बूटी मोड़ पहुंचेगी. एचईसी आवासीय परिसर के सेक्टर थ्री शहीद मैदान में दोपहर 2 बजे आम सभा होगी
2. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) प्रबंधन की प्रेस वार्ता दोपहर 12 बजे, दीक्षांत समारोह की जानकारी दी जाएगी.
3. झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र दिन के 10 बजे से
4. फिल्म मिर्ग की पीसी अमेटी विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से
5. पुस्तक का लोकार्पण, द रांची प्रेस क्लब में दिन के 11.30 बजे से
6. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम

## सदानों का अधिकार पैदल मार्च 27 को, राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

### मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में हुआ निर्णय

**संवाददाता ।रांची**

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों के अधिकार को लेकर रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वैट हॉल में मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक हुई. निर्णय लिया गया कि मूलवासी सदान मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के शहीद स्मारक, जिला स्कूल से राजभवन तक विशाल पैदल मार्च रैली आयोजित की जाएगी तथा सदानों की विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा. इस पैदल मार्च में राज्य के समस्त जिलों के सदान शामिल होंगे. इस मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार छीनने का काम किया है, उन्होंने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा, उसी दल को वोट करें. तभी सदानों को अधिकार मिलेगा. मौके पर पूर्व पार्षद विजय साहू, प्रभादेवी, आरती देवी, विशाल सिंह, मोहर राम, पप्पू साहू, अमित कुमार, प्रो अरविंद प्रसाद, योगेश प्रजापति, बलबीर साहू, आरती देवी, प्रदुम कुमार, रोहित नाग, पंकज साहू, रंजन, विनोद, सुमित, विजय साहू, विशाल कुमार, अमित साहू, विकास कुमार आदि शामिल थे.

## आदिवासियों पर राजनीतिक रोटी न सेंकें : लिंडा



- आज वीर पुरुषों के वंशजों को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया जा रहा है

**संवाददाता ।रांची**

आदिवासी संगठनों द्वारा आयोजित आदिवासी एकता महारैली में हिस्सा लेने के लिए खूंटी के बाहा लिंडा भी पहुंचे थे. गले में मिट्टी से बने मटका पहनकर रैली में शामिल हुए, जिस पर लिखा था- अछूत जंगल. उनके हाथ में एक कार्डबोर्ड भी था, जिसपर आदिवासी और ईसाई को सुरक्षा की गारंटी देने, समेत कई अन्य मुद्दों को उल्लेख था. लिखा था कि आदिवासी समाज को लेकर राजनीतिक रोटी न सेंकी जाए, क्योंकि हक व अधिकार के लिए आदिवासी शुरू से ही अपने बलबूते आंदोलन कर रहे हैं. इसके बावजूद आज वीर पुरुषों के वंशजों को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया जा रहा है.

## नामकुम जिप सदस्य और मुखिया का हुआ स्वागत



**संवाददाता ।रांची**

जिप सदस्य रामवतार करकेट्टा व मुखिया कार्मेला कच्छप का रविवार को नामकोम प्रखंड के सदाबहार चौक स्थित समाधान केंद्र में स्वागत किया गया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया. दोनों ने कांग्रेस को छोड़ कर बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा था. इस मौके पर भाजपा परिवार के सदस्य ने उनका आभार जताया.और कहा कि मोदी सरकार में मानव ही नहीं, देवी देवता भी खुश हैं.

साथ ही उन्होंने झारखंड में बाबूलाल मरांडी की सरकार बनाने की अपील की. मौके पर प्रमोद सिंह, अखिलेश यादव, अनिरुद्ध पांडेय, रवींद्र सिंह, गोपाल चौधरी, रामकिशुन समेत अन्य शामिल हुए.

**सर्वसम्मत निर्णय** वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, रांची में राहुल गांधी का करेंगे भव्य स्वागत

## विधानसभा के समक्ष 20 फरवरी को होगा वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना

### 18 को सहोदरी देवी की 12 वीं पुण्यतिथि पर भुरकुंडा में होगा कार्यक्रम



**संवाददाता।रांची**

रेडियम रोड स्थित होटल आलोका में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु की अध्यक्षता में हुई. बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा गया कि रामगढ़ अनुमंडल प्रशासन द्वारा भूख हड़ताल की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद भी 30 जनवरी को रामगढ़ में ही विशाल आक्रोश सम्मेलन आयोजित कर वैश्य मोर्चा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दी. बैठक में कहा गया कि राज्य में वैश्यों की जमीन लूटने के मामले बढ़ गए हैं. जमीन के मामले में अवैध पैसे का लेन-देन और आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है.

निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी को भुरकुंडा में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु की माताजी स्व. सहोदरी देवी की 12वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित की जायेगी. वहीं 20 फरवरी को अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना दिया जायेगा. 24 को रामगढ़ जिला के रजरप्पा में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 200 कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा. सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव भी पारित किए गए. पहले प्रस्ताव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह सांसद राहुल गांधी का झारखंड की धरती पर स्वागत करते हैं. उनसे पुनर्गठित महागठबंधन सरकार को निर्देश देकर ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, वैश्य समाज की लूटी गई जमीन वापसी, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋृण माफी तथा वैश्यों पर हो रहे अत्याचार, शोषण एवं जुल्म पर रोक लगाने की पहल करने की मांग करेंगे.

### हड़पी गयी जमीन वापस नहीं करने पर सड़क पर उतर किया जाएगा आंदोलन

दूसरे प्रस्ताव में वैश्य मोर्चा ऐसे लोगों को चेतावनी देता है, जिन लोगों ने वैश्य समाज की जमीन को हड़प रखा है या केस में उलझा कर परेशान कर रहे हैं, वे जल्द वैश्य समाज की जमीन को वापस कर दें. अन्यथा इनके खिलाफ सड़कों पर उतर कर कार्रवाई की जायेगी. मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी (अधिवक्ता हाइकोर्ट), लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद, संगठन महासचिव कृष्णा प्र. साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, बसंत प्रसाद साहु, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज साहु शामिल थे.

# बच्चों में सोशल इमोशनल लर्निंग स्किल विकसित कर रहा हर्ष जोहार पाठ्यक्रम

संवाददाता। रांची






शिक्षा विभाग की ओर से शुरू किया गया हर्ष जोहार पाठ्यक्रम स्कूली बच्चों में सोशल इमोशनल लर्निंग स्किल विकसित कर रहा है. क्लास में हाशिये पर रहने वाले, तनाव में रहने वाले और पढ़ाई से अरूचि वाले बच्चों को इस पाठ्यक्रम से लाभ मिल रहा है. वर्तमान में राज्य के 121 सरकारी स्कूलों, 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में यह पाठ्यचर्या लागू है, जहां इसके सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं. रांची के टीवीएस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के स्कूल प्रबंधक एसएम ओमाइर बताते हैं कि हर्ष जोहार पाठ्यचर्या बच्चों को मूल रूप से खुश महसूस कराती हैं. बच्चे सरल एवं प्रभावी गतिविधियों की मदद से पढ़ाई करते हैं. यह सामाजिक, भावनात्मक और रचनात्मक विकास के लिए उपयुक्त पाठ्यचर्या है. कई ऐसे उदाहरण हैं, जिन्हें इस पाठ्यक्रम से फायदा हुआ है. इसी में खुशी कुमारी है, जो धनबाद के निरसा स्थित केजीबीवी में पढ़ती है. खुशी पढ़ने में काफी अच्छी है, लेकिन क्लास में अलग-थलग रहने के कारण बच्चे उससे परेशान करते थे. इसके कारण उसका आत्मविश्वास कम हुआ था. हर्ष जोहार पाठ्यक्रम ने खुशी में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ा दिया. गिरिडीह के गांडेय केजीबीवी की दसवीं की छात्रा सोनिका कुमारी को बचपन में एक हादसे पूरी तरह टूट चुकी थी. हर्ष जोहार पाठ्यक्रम ने उसे सामाजिक और भावनात्मक रूप से जागरूक वातावरण से परिचित कराया.

### बच्चे उत्साहित

- पढ़ाई से अरूचि वाले बच्चों को इस पाठ्यक्रम से हो रहा लाभ
- राज्य भर के 121 सरकारी स्कूलों में है यह पाठ्यक्रम

## नगर भ्रमण कर वैश्य भवन में विराजे भगवान बलभद्र



# शोभायात्रा में उमड़े भक्तजन

संवाददाता। रांची

चौधरी वैश्य भवन, चौधरी धर्मशाला आनंद नगर में भगवान बलभद्र की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गयी. दिन के नौ बजे अनुष्ठान स्थल से जैसे ही यात्रा शुरू हुई, जयकारों से वातावरण गूंज उठा. श्रद्धालु अपने इष्ट की प्रतिमा के साथ भ्रमण को निकल पड़े. जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गयी, भक्तों का कारवां भी बढ़ता गया. देखते ही देखते श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गयी. भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते और भगवान का जयघोष करते हुए सभी जब चूना भट्ठा पहुंचे तो वहां स्थानीय निवासियों की ओर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया. यात्रा में शामिल लोगों के बीच अल्पाहार बांटा गया. लगभग ढाई घंटे तक आस-पास के इलाके का भ्रमण कर भक्तगण वापस लौटे. पूर्वाह्न 11:52 बजे से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ हुआ. विद्वान पंडितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. प्रभु की आरती उतारने के साथ आम भक्तों के लिए दर्शन सुलभ हो गया. इसके बाद भंडारा चला. लगभग चार हजार से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. चौधरी सेवा संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष आदित्य कुमार चौधरी, लाल बाबू चौधरी, महामंत्री हरिशंकर चौधरी, सह मंत्री विजय कुमार चौधरी, संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अवध किशोर आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

## श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष बने रमेश सिंह



**रांची।** शिव मंदिर, इंद्रपुरी रातू रोड में रविवार को श्री शिव बारात आयोजन समिति की बैठक हुई. इसमें इस बार भी भव्य रूप में धूमधाम से श्री शिव बारात निकालने का निर्णय लिया गया. साथ ही इसके सफल आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से रमेश सिंह को फिर से अध्यक्ष चुना गया.

साथ ही कार्यकारिणी समिति गठित की गयी. जिसमें पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, आजसू प्रमुख सुदेश महतो को मुख्य संरक्षक, हरविंदर सिंह बेदी, बिंदु भूषण दुबे, विनय कुमार सिंह,विजय कुमार सिंह, डॉ मिंटू चौबे, राहुल अवस्थी, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, अशोक यादव, विक्की यादव, संजीव चौधरी,अजय छाबरा, चेतलाल रामदास, सुजीत सिंह, ऋषि नाथ शाहदेव और नंदकिशोर अरोड़ा को संरक्षक मंडली में शामिल किया गया. वहीं गौरव बजाज, सुमित बजाज को वरीय उपाध्यक्ष, नवीन पापनेजा को कार्यकारी अध्यक्ष, सत्येंद्र तिवारी, हीरालाल पापनेजा, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, कौशल कुमार चौधरी, गिरधारी लाल वर्मा, विकास राज गुप्ता को उपाध्यक्ष, विजय कुमार विज्जू को बारात संयोजक, शैलेंद्र कुमार शैलू को सचिव, राकेश अरोड़ा, नीरज जायसवाल को सह सचिव, रवि अरोड़ा को कोषाध्यक्ष, संजय अरोड़ा को सह कोषाध्यक्ष, शंकर किन्नर, संजय अग्रवाल को संगठन मंत्री, अनिल गुप्ता, चंदन, बच्चन चौधरी, गौरव गिरीधर, वैभव विक्रम तनु, सतीश कार्यकारी सदस्य मनोनित किया गया.

# लापुंग के लालगंज में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन, 174 मरीजों को मिली दवा

संवाददाता। रांची



श्री सर्वेश्वरी समूह रांची शाखा ने लापुंग के लालगंज गांव के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय भवन में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत श्री सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक अध्यक्ष अघोरेश्वर भगवान राम एवं वर्तमान अध्यक्ष संभव राम की तस्वीर के समक्ष आरती-पूजन के साथ की गई. शिविर में रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एसएन. सिन्हा, डॉ. रंजन नारायण, डॉ. शंकर रंजन, डॉ. रोहित सिंह के साथ लापुंग ब्लॉक सीएचसी से डॉ. प्रियंका कुमारी ने अपनी सेवा दी.

शिविर में ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड प्रेशर की जांच सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें सीएचसी लापुंग से प्रदुमन सिंह, शरत कुमार यादव, श्रवण सिंह, सिमसुन केरकेट्टा, सबिता कुमारी, शशि चेर्माको ने अपनी सेवा दी. चिकित्सा शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 4.00 बजे तक लगाया गया, जिसमें डोम्बा एवं आसपास के गांवों से लगभग 174 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं दवा दी गयी. कार्यक्रम के सफल आयोजन में रवींद्र साहु, भानु प्रताप नाथ शाहदेव, चरकू साहु, राजेन्द्र साहु, विकास नाग, सौरभ कुमार, नितेश साहु, गजेन्द्र साहु एवं शशि साहु ने विशेष योगदान दिया. शिविर में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची की तरफ से राधेश्याम सिंह, आनंद सिंह, आशुतोष कुमार, सुनील साहु, उदय नारायण पांडेय, प्रशांत सिन्हा, सौरभ चौधरी, दक्ष कुमार, जय शंकर कुमार, अंजनी सिंह, सुधीर कुमार साहु, प्रताप आदित्य नाथ शाहदेव, अमित तिवारी के साथ लगभग 40 श्रद्धालु-सदस्य शामिल हुए.

## निशांत बने हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष

**रांची।** राजधानी के पिस्का मोड़ स्थित विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल में हिंदू जागरण मंच दो दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ. समापन सत्र में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने निशांत चौहान को हिंदू जागरण मंच रांची महानगर का अध्यक्ष बनाया गया. महानगर अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता अर्जुन राम समेत कई लोगों ने निशांत चौहान को बधाई दी.

## वीमेंस कॉलेज में स्वास्थ्य जागरुकता अभियान

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के एनएसएस द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वास्थ्य जागरुकता अभियान चलाया गया है. इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार शामिल थे. इस कार्यक्रम का नेतृत्व विमेंस कॉलेज के अधिकारी डॉ. कुमारी उर्वशी ने किया.

# जेसीआई ने 77 लोगों की मोतियाबिंद जांच करायी



संवाददाता। रांची

जेसीआई रांची ने रविवार को जेसीआई ऑफिस में 77 लोगों का निःशुल्क मोतियाबिंद जांच कराया. साथ ही उन 77 लोगों में से 14 लोगों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा. यह कार्यक्रम जेसीआई एवं भगवान महावीर आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से कराया गया. जेसीआई रांची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि हमारे समाज में बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जिन्हें मोतियाबिंद की बीमारी है पर वो किसी वजह से ऑपरेशन नहीं करा पाते हैं, तो हम इस तरह के कार्यक्रम कराकर उन्हें मदद कर सकते हैं. इस कार्यक्रम में उपदेशक रोहित जैन और संयोजक निखिल अग्रवाल, यश जालान व ऋषभ जालान थे. साथ ही जेसीआई संस्था के सचिव मयंक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, ऋषभ जैन, दीपक पटेल,भगवान मेडिका आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष पूरणमल जैन, समन्वयक डॉ विके जैन, प्रबंधक एसएन प्रसाद, आशावादी जूही, ममता शामिल थे.

## प्रभु के प्रचार में आज माताएं विशेष भूमिका निभाती हैं: आर्च बिशप

**रांची।** डालटनगंज के साधना सदन चियांकी में 28वीं धर्मप्रांतीय महिला आससभा का रविवार को समापन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अनुष्ठाता रांची महाधप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो ने मिस्सा बलिदान अर्पित किया. उन्होंने अपने उपदेश मे कहा कि प्रभु के सुसमाचार में माताएं ही परिवार में विशेष भूमिका निभाती हैं. कहा कि प्रार्थना के द्वारा ईश्वर से संयुक्त होकर उसके योजना को पहचानते हैं. ईश्वर की इच्छा पूरी करने के लिए ईश्वर से प्राप्त शक्ति के द्वारा जिम्मेदारी को पूरा करते हैं. मौके पर उतरी लातेहार के डीन फादर एमानुएल केरकेट्टा, डाल्टनगंज के पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस कुजूर, साधना सदन के निदेशक फादर प्रदीप बखला, बालूमाथ पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर वाल्टर, छिपादोहर पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर ज्योतिष बखला और ब्रदर सुमन कुजूर समेत धर्म बहनें शामिल थीं.

# भक्तों ने बांटा भंडारे का प्रसाद

संवाददाता। रांची



श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में रविवार को संत सदानंद जी के अनुयायियों ने भजन-कीर्तन कर बड़ी संख्या में लोगों के बीच भंडारे का प्रसाद बांटा. दोपहर साढ़े 12 बजे एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले इसका आयोजन किया गया.

इस मौके पर प्रतिक और श्रुती अग्रवाल ने अपनी शादी का चौथा सालगिरह भी सेवार्थ कार्य कर मनाया. इसमें उनके माता-पिता रमेश और सरोज अग्रवाल सहित परिवार के लोगों ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. इसमें अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, प्रमोद सारस्वत, पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी, प्रभाष गोयल, गोविंद अग्रवाल, हसविशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, प्रकाश अग्रवाल, ओम प्रकाश, मंजु गुप्ता, गोपाल, स्नेहा मवनडिया, प्रभात, सुनिता अग्रवाल, राजेश, मधु कयाल, धीरज गुप्ता, चंद्रदिप साहु, परमेश्वर साहु, विधा देवी अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, शिला मुरारका, सरोज पोद्दार आदि ने भंडारे में मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.

# संत जेवियर कॉलेज में अंतरिम बजट पर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता। रांची



संत जेवियर्स कॉलेज के आईक्यूएसी व आईसीएमए ने संयुक्त रूप से अंतरिम बजट 2024 के अवसर और विकास की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा, मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित सीसीएल के चीफ मैनेजर (फाइनेंस) डॉ. संजय कुमार और सीएमए के राकेश कुमार सिन्हा शामिल थे. सेमिनार में अंतरिम बजट 2024 को बढ़ावा देने और उसकी संभावनाओं के बारे में वक्ताओं द्वारा विस्तार से बताया गया. डॉ. संजय सिंह ने संगोष्ठी संबोधन में कर सुधारों में हुए उपलब्धियां गिनाईं. बताया कि सरकार गरीब कल्याण और देश का कल्याण कर 2040 तक विकसित देशों में अपने आप को स्थापित कर सकता है. वक्ता के तौर पर उपस्थित राकेश कुमार सिन्हा ने बजट की परिभाषा उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला.

# बच्चों ने उकेरी अपनी अनोखी कला

संवाददाता। रांची



रांची पब्लिक स्कूल में रविवार को साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. बच्चों ने प्रदर्शनी में अपनी अनोखी कला उकेरी. मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक एम सईद शामिल हुए. शामिल अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न का सम्मान मिला.

कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा से हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय व समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है, शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है. वहीं स्कूल प्रबंधन की ओर से आये अतिथियों का स्वागत किया गया. मौके पर स्कूल निदेशक प्रो. जावेद अहमद, मो. तौहीद, प्राचार्या सना जावेद, उप प्रचार्या शबनम परवीन, मो. नौशाद, सरफराज, लिटिल एंजल्स के निदेशक मसूद कच्छी, मो. इस्लाम, मो. मुन्ना, समेत स्कूल शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी शामिल थे.

**प्रदर्शनी में लगाये थे ये मॉडल :** स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ट्रैफिक रूल्स, मक्का, मदीना, विंड मिल, मॉडल ऑफ सेटेलाइट, हाइड्रालिक ब्रिज, वालकेनो, रैन वाटर सेविंग्स सिस्टम आदि के मॉडल प्रदर्शनी में लगे थे.

**बॉक्सिग** प्रतियोगिता में रांची जिला के विभिन्न क्लबों व स्कूलों के 104 खिलाड़ियों ने भाग लिया

# दूसरी रांची जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता। रांची



रांची जिला एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का एकदिवसीय दूसरा रांची जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता हिनू स्थित युनाइटेड क्लब हिनू में रविवार को संपन्न हुआ. शामिल अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. मौके पर रांची जिला के विभिन्न क्लबों एवं स्कूलों के 104 खिलाड़ियों ने भाग लिया. दिन भर प्रतियोगिता चलने के बाद संध्या 5 बजे प्रतियोगिता का समापन हुआ. सबसे अधिक पदक लालचंद लोहार यूनिट प्रभात तारा स्कूल एवं क्लब ने प्रथम स्थान पाया, इबरार युनिट वाईएमसीए कांटा टोली क्लब दूसरा स्थान, जावेद यूनिट वाईएमसीए पब्लिक स्कूल कांटा टोली एवं धुर्वा तीसरा स्थान पाया. मुख्य अतिथि के रूप में सीओ डोरंडा अंचल सौरभ सुमन शामिल हुए. उन्होंने कहा कि खेलकूद बच्चों को अनुशासन का गुण प्रदान करता है. विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बच्चों को उचित प्लेट फार्म देना है, ताकि खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल हो. महासचिव गुलाम जावेद ने कहा कि इस प्रतियोगिता के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा. बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रांची जिला पूरे प्रदेश में नंबर एक बने इसके लिए पदक प्रप्त खिलाड़ियों का जल्द प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा. मौके पर मौके पर झारखंड एसो के अध्यक्ष बीसी ठाकुर, वरिष्ठ नेता भाजपा सुबोध सिंह गुड्डू, देवेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत डीएसपी आशिस टोप्पो, आलोक श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव बिनोद प्रधान, आशुतोष सिंह महा सचिव ओवैस अराफात, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार करण कुमार सहित मुख्य रेफरी विमल आनंद नाग, नौसाद खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप, काजल, लालचंद लोहार, संटू कुमार, इबरार अंसारी, पिन्टू कुमार आदि शामिल थे.

### खिलाड़ी पुरस्कृत

- वाईएमसीए कांटाटोली क्लब को दूसरा स्थान मिला
- पब्लिक स्कूल कांटाटोली को तीसरा स्थान मिला

# कैंसर के बारे में अब जागरुकता फैलाने के लिए चलेगा कार्यक्रम

संवाददाता। रांची

विश्व कैंसर दिवस के मौके पर जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे जिले में क्लोज द केयर गैप थीम के तहत जागरुकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू करने वाला है. जिसकी शुरुआत सिविल सर्जन के द्वारा कर दी गई है. इस अभियान में समुदाय के बीच जाकर जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक महीने भर की पहल की योजना बनाई गई है.

जागरुकता अभियान के तहत फिरायालाला चौक, सदर अस्पताल और खूंटी रोड में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा, जागरुकता पहल का विस्तार जिले के विभिन्न क्षेत्रों और सभी ब्लॉकों तक किया जाएगा, ताकि लोगों को कैंसर का शीघ्र पता लगाने के बारे में शिक्षित किया जा सके. मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के लाभ से लोगों को परिचित कराने के लिए 7 फरवरी से 7 मार्च तक शिविर लगाया जाएगा. लोगों को उपलब्ध मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में सूचित करने के लिए हर ब्लॉक में रणनीतिक रूप से पोस्टर, होर्डिंग्स और बैनर लगाए जाएंगे. जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि इस बहुआयामी अभियान में जानकारीपूर्ण सत्र और आउटरीच कार्यक्रम शामिल होंगे.,जो नागरिकों को कैंसर से लड़ने में तथा बीमारी का शीघ्र पता लगाने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किए गए हैं. इस व्यापक पहल का लक्ष्य देखभाल के अंतर को पाटना है. यह सुनिश्चित करना है कि व्यक्ति समय पर रहते बीमारी के लक्षण का पता चल सके.

### होंगे जागरूक

- क्लोज द केयर गैप थीम के तहत चलेगी श्रृंखला
- अलबर्ट एक्का चौक पर होगा नुक्कड़ नाटक का मंचन

ब्रीफ खबरें

## नामकुम में आजसू की बैठक संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**नामकुम।** प्रखंड के बड़ाम पंचायत और टाटी पश्चिम पंचायत में खिजरी विधानसभा विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह ,जिला अध्यक्ष बिना कुमारी जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा की उपस्थिति में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी और ग्राम प्रभारी का बैठक किया गया. इस बैठक में कई क्रांतिकारी युवाओं ने आजसू सुप्रीमों के कार्य एवं उनके सोच को ओर पार्टी के नीति सिद्धांतों को देखते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा . इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय निर्देशानुसार सभी पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी को निर्देश दिया गया कि सभी कोई जल्द से जल्द चुल्हा प्रमुख बनाने का कार्य को पूर्ण करें.

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**बुंडू।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयी. घटना . एनएच 33 के बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के पास की है .घटना रविवार पौने सात बजे के आसपास की है. अज्ञात वाहन रांची से टाटा की ओर आ रही थी. दुर्घटना के बाद वाहन चालक अपना गाड़ी लेकर फरार हो गया. मौके पर बुंडू पुलिस पहुंचकर लाश अपने कब्जे में लेकर बुंडू थाना ले आयी है. पोस्टमार्टम के लिए कल रिम्स रांची भेजेगी. मृतक की पहचान नहीं हो पाया है. बुंडू पुलिस इस संदर्भ में एक मामला दर्ज कर जांच में जुटी है.

## राणाडीह में हाथियों ने दो घरों को गिराया

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह गांव में शनिवार रात को 4 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड गांव में दो घर को ध्वस्त किया है. गांव के हीरालाल महतो और लखिन्दर महतो के घर को हाथी ने धवस्त किया है. घर का दीवाल गिरने के बाद हाथियों ने घर में रखे धान को भी खाया है. ग्रामीण हाथियों के डर से काफी भयभीत है. इधर गलऊ पंचायत के वनडीह गाँव के रविन महतो के एक एकड़ में तैयार आलू फसल को जंगली सूअर ने रौंद दिया है. ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ जंगली हाथी तो दुसरी तरफ सूअरों का उत्पात जारी है.

## कल्याणपुर में रामदेव सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**पिपरवार।** क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता का जोरदार स्वागत किया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुके और माला देकर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी. इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विधायक प्रतिनिधि विजय लाल, बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण उरांव, अनिल सिन्हा, देवनाथ महतो, रंजन उरांव, धनराज भोक्ता, करण महतो, दिनेश केसरी,संजय गंझु सहित कई लोग मौजूद थे.

## चतरा जिला भाजपाध्यक्ष ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया.पिपरवार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावे विस्थापित ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया. जिसके बाद बेंती खेल मैंदान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर बेंती मुखिया सरीता देवी, पंसस कुमारी अनुप्रिया, महामंत्री मिथलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बिजय लाल,अश्विनी दराद, ईश्वर दयाल पाण्डेय,सुजित भारती, विनय पाण्डेय,सुशील कुमार सिंह,प्रकाश महतो, दिलीप गंझू,मनु केशरी,बासुदेव गंझू सहित कई लोग मौजूद थे.

## शोक सभा में हरिशंकर सिंह को श्रद्धांजलि दी

**पिपरवार।** जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में मजदूर नेता दिवंगत हरिशंकर सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का नेतृत्व जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह ने किया. जनता मजदूर संघ के मजदूर नेता हरिशंकर सिंह के चित्र पर संघ के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किए. शोकसभा में मुख्य रूप से निर्मल सिंह ,बालेश्वर सिंह, विजेंद्र सिंह, निर्मल उरांव, आशीष दुबे ,विजय प्रसाद, राजेश नायक, मुकेश कुमार ,राकेश सिंह सहित संघ के सैकड़ो सदस्य मौजूद थे .

### ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किए बिना ही टावर लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश

# ग्रामीणों ने बीएसएनल का टावर निर्माण कार्य बंद कराया

**संवाददाता। पिपरवार**



**खास बातें**

- झुलनडीहा गांव में लगाया जा रहा बीएसएनएल का टावर
- आदेश की प्रतिलिपि भी ग्रामसभा में देने को कहा

कोयलांचल क्षेत्र स्थित बेती पंचायत में अवस्थित झुलनडीहा गांव में निर्माणाधीन बीएसएनएल टावर निर्माण का कार्य ग्रामीणों ने रविवार को बंद करा दिया गया. ज्ञात है कि झुलनडीहा गांव के दिलीप उरांव के घर के समीप बीएसएनल टावर निर्माण का कार्य विगत एक सप्ताह से किया जा रहा था . रविवार 60 - 70 की संख्या में पहुंचे इस गांव के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर कार्य कर रहे संवेदक के मुंशी को यह कहते हुए कार्य बंद करने का निर्देश दिया कि किसके आदेश से इस स्थल पर टावर निर्माण का कार्य किया जा रहा है जबकि टावर निर्माण की अनुमति बिना ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किए बिना ही निर्माण कार्य किए जाने की बात कहते हुए कार्य को बंद करने एवं अधिकारियों के आदेश की प्रतिलिपि ग्राम सभा को उपलब्ध कराने की बात कही . इस संबंध में उक्त गांव के समाजसेवी सह वन अधिकार समिति के सचिव सुशील टोप्पो ने बताया कि बीएसएनएल टावर लगाए जाने के संबंध में ना तो ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किए गए हैं और ना ही संवेदक के मुंशी द्वारा निर्माण कार्य करा रहे संवेदक से अधिकारी के आदेश की कॉपी उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर की है जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया . इस दौरान ग्रामीणों में मुख्य रूप से रीना देवी, सगीता देवी. अनिता देवी. गंगिया देवी. रीता देवी. फुलमनिया देवी. ईश्वर उरांव. महाबीर उरांव. राजकुमार उरांव. शाहिद शाहिद सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे.

### धनबाद में मनाया गया झामुमो का स्थापना दिवस, बोले सीएम चंपई


# झारखंड में अब वही रहेगा, जो 1932 खतियान की बात करेगा

**संवाददाता। धनबाद**



**सीएम ने कहा**

*हमसब के मन दुखी हैं कि आज के कार्यक्रम में युवा सम्राट हेमंत सोरेन व दिशोम गुरु शिबू सोरेन अनुपस्थित हैं*



झारखंड मुक्ति मोर्चा के 52वें स्थापना दिवस पर गोल्फ ग्राउंड में रविवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड की धरती पर वही रहेगा, जो 1932 खतियान की बात करेगा. हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से पास कराया, लेकिन भाजपा के इशारे पर महामहिम ने इसे निरस्त कर दिया. झामुमो की सरकार 1932 लागू करा कर ही दम लेगी. सीएम चंपई ने कहा कि हमसब के मन दुखी है कि आज के कार्यक्रम में युवा सम्राट हेमंत सोरेन एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन अनुपस्थित हैं. 2019 में हेमंत सोरेन ने इतना बड़ा बहुमत हासिल किया. जिसके बाद से ही लगातार भाजपा की ओर हेमंत सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया गया है. सरकार बनने के बाद कोरोना काल में विपरीत परिस्थिति के बावजूद हेमंत सरकार ने मानव जीवन को बचाया. प्रवासी मजदूरों को दूसरे राज्यों से बसों, ट्रेनों और हवाई जहाज के माध्यम से घर पहुंचाया. ऐसा देश के किसी दूसरे मुख्यमंत्री ने नहीं किया. झारखंड को सोने की चिड़ियां कहा जाता है. यहां की खनिज संपदाओं पर भाजपा की गिद्ध नजर लगी है. जब भाजपा के हाथ में सत्ता थी, तो उसने आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकारों को दबाने का कांम किया. यहां की धरती पर भाजपा वालों ने माइनिंग किया और मूलवासियों को बदनाम किया. पिछले 150 साल यहां माइनिंग हो रहा है. मूलवासी विस्थापित हुआ है. शिबू सोरेन ने इसी के खिलाफ अपनी लड़ाई शुरू किए थे. उन्होंने महाजनों के खिलाफ लड़ा और डुगडुगी बजाया. धनबाद की धरती पर 52 साल पहले झामुमो का उदय हुआ.

### मूलवासी शिक्षित होंगे तो भाजपा नहीं कर पाएगी शासन

सीएम ने यह भी कहा कि आदिवासी-मूलवासी शिक्षित हो जायेंगे तो भाजपा शासन नहीं कर पाएगी. जब हेमंत सोरेन ने मूलवासियों की शिक्षा के लिए स्मार्ट मॉडल स्कूल एवं अन्य योजनाएं शुरू किया, तो भाजपा बौखला कर उनके खिलाफ षडयंत्र करने लगी. उन्होंने राज्य के साथ-साथ विदेशों में मुफ्त शिक्षा की योजना लागू किया. हेमंत सोरेन ने 60 वर्ष से अधिक सभी लोगों को पेंशन देना शुरू किया था. गांव से लेकर शहर तक को संवारने की योजना पर हेमंत सरकार ने काम किया. भाजपा वाले जल-जंगल-जमीन खत्म करने पर लगे हैं. जिसे हर हाल में बचाना है. चंपई ने कहा कि जब वे दिशोम गुरु के साथ पहली बार सरायढेला आए थे, तब उन्होने जाना यहां के खनिज संपदा के बारे में.

**नेताओं ने कहा**

**झुके नहीं, हेमंत ने जेल जाना किया पसंद : विजय हांसदा**

*सांसद विजय हांसदा ने कहा कि भाजपा के आगे झुकने की बजाय हेमंत सोरेन ने जेल जाना पसंद किया. झामुमो की स्थिर सरकार को अस्थिर करने के लिए हेमंत को गिरफ्तार किया गया.*

**षड्यंत्र को कुचलकर नई सरकार बनी : महुआ माजी**

*सांसद महुआ माजी ने कहा कि भाजपा के षडयंत्र को कुचल कर नई सरकार का गठन हुआ है. साजिश के तहत हेमंत को शिकार बनाया गया. हेमंत जल्द ही हमसब के बीच होंगे और चुनाव में लोग उन्हें फिर जीत दिलाएंगे.*

**स्थापना दिवस में जुटी 50 हजार से अधिक भीड़ : अमितेश सहाय**

*झामुमो के अमितेश सहाय ने कहा कि स्थापना दिवस पर 50 हजार से अधिक भीड़ जुटी. हेमंत की गिरफ़्तारी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश है, जो सभा मे देखने को मिला.*

## मांडर के हातमा जंगल में मिली युवती की लाश की शिनाख्त

**मांडर।** थाना क्षेत्र के हातमा में जंगल से मिली शव चान्हो थाना क्षेत्र के ओपा गांव के 20 वर्षीय मिनी पांडे के रूप में पहचान की गई. परिजनों के अनुसार दो फरवरी अपने घर ओपा से निकली थी. वह अपने मंगेतर और रांची में रह रही छोटी बहन के साथ अपना बर्थडे रांची के रंगोली होटल में सेलिब्रेट की थी. उसकी बहन पूजा पांडे के अनुसार 3:00 बजे उन लोगों ने मिनी को एक सिटी बस में चान्हो के लिए चढ़ा दिया था. उसने अपनी बहन को कहा कि घर पहुंचने पर उसे एक बार फोन कर बता देना. शाम में 6:00 बजे लगभग कई बार उसने अपनी बहन को फोन किया पर उसने फोन नहीं उठाया . घर में फोन करने पर उसे पता चला कि देर रात तक भी वह घर नहीं पहुंची थी. उसके घर नहीं पहुंचने पर घर वालों ने खोजबीन शुरू की पर देर रात तक उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया था.

## बड़कुम्बा यूनिट चर्च में धन्यवादी मिस्सा संपन्न

**नामकुम।** रविवार को प्रखंड के आरा पट्टी के बड़कुम्बा यूनिट चर्च में नव अभिषित कुलदीप लिंडा का पावन धन्यवादी मिस्सा रविवार को सम्पन्न हुआ.जिसमें उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को हमेशा ईश्वर को सुख व दुख में समभाव से उनके योगदान को याद रखना चाहिए . कुलदीप लिंडा का जन्म महिलोंग पंचायत के बड़कुम्बा गांव में बहुत ही गरीब परिवार में हुआ था . लालन-पालन प्लांडु गांव में एक गरीब परिवार में हुआ. उनका पुरोहिताभिषेक 27 जनवरी 24 को राजा उलातु चर्च में हुआ था.इस समारोह में उनके साथ बासील रुण्डा फ़ा0 दीपक टोप्पो फा- विजेन्द्र टोप्पो के साथ अन्य फादर गण मिस्सा में सहयोग किये.समारोह को सफल बनोने में राजेश लिंडा, रोशन लिंडा, विजय टोप्पो, संजय होरो व संगीता टोप्पो का अहम योगदान रहा .

# हिल टॉप पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**संवाददाता। रांची**

बरियातू स्थित "हिल टॉप पब्लिक स्कूल" का वार्षिकोत्सव समारोह मुस्कान 2024 बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर भूपेश कुमार, प्रधानाध्यापक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ब्राम्बे रांची उपस्थित रहे. समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राजेश गुप्ता, संयोजक खेल विभाग रांची विश्वविद्यालय, विद्यालय के निदेशक राजेश गुप्ता, बोर्ड सदस्य पीके लाला, प्रधानाध्यापिका संगीता राज, उप प्रधानाध्यापिका सुनीता श्रीवास्तव एवं सभी शिक्षकगण शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा चतुर्थ और पंचम के छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से हुई. उसके बाद लिटिल चैंप्स जूनियर विंग्स के बच्चों ने कपल डांस, भांगड़ा,रॉक एंड रोल आदि एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया.

### बुढ़मू पुलिस ने बालू तस्करों के खिलाफ की कार्रवाई

# अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त किये

**विजय मिश्रा। बुढ़मू**

बुढ़मू के नये थाना प्रभारी रामजी कुमार कार्यभार संभालते ही बुढ़मू में बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. रविवार को अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टरों को पुलिस ने जब्त कर लिया. साथ ही खनन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक सहित चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है. थानेदार रामजी कुमार ने पदभार संभालते ही अवैध धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई कर साफ- साफ बता दिया है कि उनके कार्यकाल में अवैध धंधा व बालू, तोयला की तस्करी करने वाले माफियाओं की अब खैर नहीं है. उन्होंने आते ही कहा था कि अपराध के साथ ही साथ अवैध कारोबार रोकना उनकी प्राथमिकता है. अब अवैध धंधेबाजों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा.



**बिना नंबर के ट्रैक्टर से बालू, कोयला, लकड़ी की हो रही तस्करी**

बुढ़मू ही नहीं आसपास के इलाकों में बालू, कोयला, लकड़ी की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है. अवैध कारोबार में जुटे माफिया बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर से बालू, कोयला, लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं. क्षेत्र में ज्यादातर बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टरों का परिचालन हो रहा है. सूत्रों ने बताया कि तस्कर जानबूझ कर ट्रैक्टरों का नंबर प्लेट हटा देते हैं, ताकि वाहन की पहचान न हो सके.

**आयोजन** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

# बेहतर प्रदर्शन करनेवाले छात्र-अभ्यर्थी पुरस्कृत

**संवाददाता। पिठोरिया**



**खास बातें**

- समारोह में बच्चों के लिए चॉकलेट रेस का आयोजन
- महाभारत क्विज का आयोजन किया गया

रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा ने रविवार को पारिवारिक मिलन समारोह सह वार्षिक वनभोज का आयोजन पिठोरिया स्थित मुड़हर पहाड़ में किया. कार्यक्रम की शुरुआत जिला के पदाधिकारी एवं आये हुए अतिथियों के द्वारा महर्षि कश्यप की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई. इस समारोह में बच्चों के लिए चॉकलेट रेस, फुटबॉल को किक मार कर रिंग में डालना, ओम का उच्चारण जैसे कई प्रतियोगिता के साथ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. महिलाओं के लिए रामायण क्विज और पुरुषों के लिए महाभारत क्विज का आयोजन किया गया. सभी सफल प्रतिभागियों के साथ शिक्षा अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों- अभ्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया. अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा के राम शरण केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा के ऊपर विशेष ध्यान देना होगा. शिक्षा के बगैर समाज का विकास संभव नहीं है. शिक्षा से ही समाज की कुरीति मिटेगी और समाज सुखी संपन्न होगा. जिला अध्यक्ष कार्तिक कुमार केसरी ने कहा कि ऐसे आयोजन से स्वजातीय बंधुओं में आपसी एकता बढ़ती है. साथ ही विवाह योग्य युवक-युवतियों को शादी के निमित्त एक मंच मिलता है. आज के कार्यक्रम में अजीत केसरी, मदन केसरी, उमेश केसरी, दौलत केसरी, गोपाल साहू, रामकिशोर साहू, मदन केसरी, संजय चौधरी, मनीष केसरी, अखिलेश केसरी रामजीवन केसरी दिनेश केसरी, हेमंत केसरी, दीपक केसरी, अशोक केसरी, जयप्रकाश केसरी, संजीव केसरी, रवि केसरी, प्रमोद केसरी पुरुषोत्तम, केसरी, अनिल केसरी एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## सिल्ली में पुरस्कार वितरण के साथ प्रतिभा दर्शन महोत्सव का समापन

**सिल्ली/मुरी।** रंगारंग कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ 10 दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का समापन हो गया. खेलगाव लगाम में रविवार को आयोजित महोत्सव के अंतिम दिन सभी प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच खेले गए.प्रतिभा दर्शन महोत्सव के चैंपियन टीमों एवं सफल प्रतिभागियों को गूंज परिवार के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. अंतिम दिन टुसु (चौड़ल) प्रदर्शनी और झांकी समेत एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं. विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा किया गया.प्रतिभा दर्शन महोत्सव को सफल बनाने में ब्रजेश प्रसाद, लम्बोदर महतो, लक्ष्मण महतो, विरेन्द्र महतो, अधीर महतो, झालू महतो, धनेश्वर कोइरी, फनी भूषण महतो, राजु महतो आदि का सराहनिय योगदान रहा.

न्यूज अपडेट

## चिरगालडीह में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**सोनाहातू।** प्रखंड के चिरगालडीह गांव में रविवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया. बिरादरी का ये पांचवां स्वास्थ्य जांच शिविर था. शिविर का आयोजन समाजसेवी प्रदीप महतो के सहयोग से किया गया. शिविर में डॉ.अजय छाबड़ा, डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. श्रेयसी एक्का,डॉ. हिमानी नंदा, डॉ. तुषार आर्या एवं डॉ. उदीप लाल ने लोगों की जांच की. हृदय, स्त्री, हड्डी, दंत,नेत्र, सामान्य रोग एवं मधुमेह से सम्बंधित लोगों की जांच कर दवाएं दी गईं. शिविर में 320 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया.शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता सह केंद्रीय लाइब्रेरी के सदस्य डॉ राजाराम महतो, डॉ अजय छाबड़ा, बिरादरी अध्यक्ष सुधीर उग्गल,राजेश मेहरा एवं राजेश खन्ना ने संयुक्त रूप से किया.

## ओबी डंप से जान जोखिम में डालकर कोयला निकाल रहे लोग



**डकरा।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच खदान के जेहलीटांड के समीप ओबी डंपिंग यार्ड में जान जोखिम में डालकर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कोयला चुनते हैं. जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है. ज्ञातव्य है कि केडीएच कोयला खदान से ओबी मिट्टी के साथ कोयला के टुकड़े हॉलपेक डम्फर से डंपयार्ड में पहुंच रहे हैं. हॉलपेक से जब यार्ड में ओबी मिश्रित कोयला को डंप किया जाता है तो जान की परवाह किये बगैर लोग कोयला चुनने दौड़ पड़ते हैं. वहीं दूसरी ओर जब यार्ड में इकट्ठा ओबी को डोजर से धकेल के समतल किया जाता है उस वक्त भी लोग कोयला चुनने पहुंच जाते है.

## मोदी के कार्यालय में राम मुस्कुरा रहे हैं : रामावतार केरकेट्टा



**नामकुम।** जिप सदस्य रामावतार केरकेटा एवं खिजरी पंचायत के मुखिया कार्मेला कच्छप भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने पर समाधान केन्द्र नामकुम सदाबहार चौक में बुके और सोल देकर भाजपा के गणमान्य नेताओं के द्वारा अभिनन्दन किया गया.जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेटा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन काल में मानव ही नहीं बल्कि देवी देवता भी खुश है और राम, मुस्कुरा रहें हैं . मौके पर प्रमोद कुमार सिंह प्र अखिलेश यादव अनिरुद्ध पाण्डेय रविन्द्र सिंह, गोपाल चौधरी, गौरख नाथ सिंह नीरज यादव, कौशल सिंह, अरविन्द कुमार, पीहूं सिंह रंजित पात्रा , तुलसी गोप, रामकिशुन साव,अनिल सिंह,साव, बिहारी सावा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें .

## मानवता ही मनुष्य का असली कर्त्तव्य : कैलाश कुमार



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष और डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार के नेतृत्व में मांडर प्रखंड के परयागो मानपुर बस्ती में जरूरतमंदों के बीच 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया.लोगों के बीच ठंड कपड़े, स्वेटर, जैकेट, कम्बल, शॉल, साड़ी, जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती इत्यादि बांटा गया. इस मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि मानव सेवा और मानवता ही इंसान को सत्कर्म की प्रेरणा देती है. मानवता ही मनुष्य का असली कर्त्तव्य होता है. उन्होंने कहा ठंड के मौसम में लोगों को सर्दी एवं कडाक़े की ठंड से बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है. कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है .

## पुलिस मेन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कंबल बांटे



**पिपरवार।** पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान ने क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया.कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए शमशेर खान के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र में घूम घूमकर गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया. इस संबंध में पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान ने बताया कि पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए उनके द्वारा कंबल बांटा जा रहा है. उन्होंने बताया कि बचरा बसंत बिहार में संचालित वृद्धा आश्रम मे रहने वाली वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल बांटा गया. वहीं क्षेत्र के चौक चौराहों और बाजारों में घुम घुमकर वृद्ध असहाय और गरीबों के बीच भी कंबल का वितरण किया गया.

## संघ,विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या धाम का दर्शन किया



**बेड़ो।** बेड़ो एवं लापुंग प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में हिंदु जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अयोध्या धाम का दर्शन किया. इस संबंध में डॉ एसपी साहु और रंजीत खत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजना से झारखंड प्रांत सहित पूरे देश से अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग प्रांत से आस्था स्पेशल ट्रेन के द्वारा अयोध्या धाम दर्शन की योजना के तहत बेडो.से 9 स्वयंसेवकों ने अयोध्या धाम का दर्शन किए जबकि लापुंग से तीन लोगों के जत्थे ने भगवान श्री राम का दर्शन किए . बेडो.प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओ.के जत्था ने डॉ एस पी साहु, रंजीत खत्री, विकास कुमार सिंह, मनोहर कुमार, गुरुपद दास गोस्वामी के संयुक्त नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं का जत्था अयोध्या धाम में भगवान श्री राम लला का दर्शन किया. उनके साथ सूर्य प्रकाश साहु, मुकेश गोप, मुकेश महतो, प्रकाश गोप, हरिशंकर गुप्ता सहित कई लोग शामिल हैं. इस मौके पर उन्होंने हनुमान गढ़ी, भरत हनुमान मिलन, भरत कुंड सरयू नदी तथा लता मंगेशकर चौक सहित कई स्थानों का भी भ्रमण किया.

